दिनांक 26.06.2021

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

समझाईश के बाद भी मिला लार्वा या गंदगी फैलाई तो होगी दण्डात्मक कार्यवाही

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए बैठक लेकर रणनीति बनाई गई है। सभी जोन के आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाईजरों से चल रहे कार्यों की फीडबैक लेकर सघन स्तर पर लार्वा के स्रोत स्थलों की जांच करने तथा टेमिफाॅस का छिड़काव करने के निर्देश दिए। घरों में अनावश्यक रूप से पानी भरकर रखे गए पानी टंकी या पात्र , डंप किए गए बिल्डिंग मटेरियल , दुकानों के कबाड़ जहां लार्वा पनपने का स्रोत हो तथा गंदगी फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। टाउनशिप क्षेत्र में बीएसपी प्रबंधन के साथ समन्वयन बनाकर सेक्टर वार कार्य किया जाएगा। निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक में अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि डेंगू रोकथाम को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य करें किसी भी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। हर वार्ड में डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता लाने मुनादी करने कहा गया ताकि डेंगू को प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रण किया जा सके।

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण के लिए चल रहे कार्यों में तेजी लाने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी सभी जोन आयुक्त तथा डेंगू रोकथाम कार्य में संलग्न अभियंता , स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी , जोन स्वास्थ्य अधिकारी , स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाईजरों की निगम सभागार में बैठक लेकर जोनवार फीडबैक लिए और निगम क्षेत्र में एक भी व्यक्ति को डेंगू न हो इसका लक्ष्य बनाकर कार्य करने के लिए रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि कूलर, फ्रीज, गमला, पानी टंकी, गमला, घर का गार्डन, छतों पर रखे हुए घरों में अनावश्यक पानी भरकर रखे हुए टंकी या अनुपयोगी पात्र, पंचर व मरम्मत वाले दुकानों में टायर जैसे स्थल व डंप सामान जहां डेंगू के लार्वा पनपने वाले सभी स्रोतो की सघनता से जांच करे और आवश्यकता अनुसार मैलाथियान तथा टेमिफॅास का छिड़काव करने तथा कहीं भी बारिश के पानी से जलजमाव वाले स्थानों पर जला एवं मलेरिया आॅयल छिड़काव शीघ्रता से किया जाए। फील्ड में कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा सुपरवाईजरों से कहा गया कि समझाईश के बाद भी अनावश्यक रूप से पानी भरकर रखने, बिल्डिंग या वेस्ट मटेरियल डंप करने, गंदगी फैलाने वाले भैंस खटाल पर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। डेंगू से बचाव के लिए शहर नागरिकों को जागरूक करने के लिए लाउडस्पीकर से मुनादी तथा पाप्लेट वितरण करने कहा गया। के रोकथाम के लिए आयोजित बैठक में तय किया गया कि डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की टीम बनाकर कार्य किया जाएगा। टीम में टेमिफाॅस वितरण, पानी भरे वाले स्थलों में लार्वा की जांच , मैलाथियान, जला आॅयल

छिड़काव के लिए हैण्ड स्प्रे , चूना, ब्लीचिंग, फावड़ा बेलचा के साथ कर्मचारियों की टीम हर घर तक सर्वे के लिए पहुंचने लक्ष्य बनाकर प्रतिदिन रूट अनुसार वार्डों में घूम घूम कर कार्य करेंगे। उपायुक्त महोदय ने कहा कि टाउनशिप में बीएसपी प्रबंधन के साथ समन्वय बनाकर सेक्टर वार डेंगू नियंत्रण कार्य करने कहा गया। फील्ड में कार्य के दौरान बुखार , बदनर्दद, उल्टी जैसे डेंगू मरीज के लक्षण वाले मरीज पाए जाने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने और शासन द्वारा बनाए गए वेबसाइट में नाम पता व मोबाइल नंबर का पंजीयन कराने निर्देश दिए , उन्होंने जोन आयुक्तों को निर्देशित किया कि वार्डों में किए जा रहे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग मौके पर जाकर करेंगे तथा प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया।